**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**07.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज निर्वाचन नियमों में संशोधन को दी मंजूरी–अब दो बार आरक्षण के बाद रोस्टर में होगा बदलाव।
- प्रदेश मंत्रिमंडल ने चंडीगढ़ से शिमला के बीच सप्ताह में हैलीटैक्सी की 12 उड़ानें संचालित करने का लिया निर्णय।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को स्वस्थ भारत की दिशा में बताया महत्वपूर्ण पहल।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के सम्मान में लोक भवन में विदाई समारोह आयोजित–राज्यपाल ने हिमाचल में बिताए अपने कार्यकाल को यादगार बताया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल–नाहन में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम–शिमला में महिलाओं के लिए किया जाएगा दौड़ का आयोजन।

**मंत्रिमंडल**

प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 28, 87, 88 व 89 में प्रस्तावित संशोधनों पर आम जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार 2010 को आधार वर्ष मानते हुए जो पंचायतें लगातार दो कार्यकाल तक आरक्षित रही हैं, उन्हें आगामी पंचायत चुनावों में आरक्षित नहीं किया जाएगा। राजस्व मंत्री ने बताया कि बैठक में चंडीगढ़ से शिमला के बीच सप्ताह में हैली टैक्सी की तीन उड़ानों को बढ़ाकर 12 करने को भी मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने ढगवार में क्षेत्रीय सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के गठन को स्वीकृति प्रदान की, जिसमें कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा और ऊना जिलों के दुग्ध उत्पादक शामिल होंगे। मंत्रिमंडल ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन नियम, 2010 में भी संशोधन को मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति के तहत स्थानीय क्षेत्र विकास निधि का 40 प्रतिशत चिल्ड्रन ऑफ दे स्टेट को वित्तीय सहायता के तौर पर प्रदान करने का फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने जल शक्ति विभाग में जल जीवन मिशन के तहत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को राज्य के कोटे से वेतन देने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के खाली पदों को भरने को भी स्वीकृति दी।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना स्वस्थ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र आम लोगों के लिए महंगी ब्रांडेड दवाओं का सस्ता और भरोसेमंद विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च काफी कम हुआ है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि इस योजना के तहत वर्तमान में देशभर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं और केंद्र सरकार का लक्ष्य इस वर्ष 31 मार्च तक इनकी संख्या बढ़ाकर 20 हजार करने का है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत मौजूदा समय में दो हजार एक सौ दस से अधिक दवाएं और तीन सौ 15 सर्जिकल उत्पाद भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार और प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रयासों के परिणामस्वरूप बोर्ड को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा व प्रशिक्षण परिषद से "ड्यूल कैटेगरी" मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के साथ हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश के बाद देश का दूसरा राज्य बन गया है, जिसे अवॉर्डिंग बॉडी और असेसमेंट एजेंसी दोनों के रूप में मान्यता मिली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि

यह उपलब्धि राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोहित ठाकुर ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होगी, जिससे छात्रों को देश विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के सम्मान में आज लोक भवन शिमला में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोक भवन में कार्य करते हुए हिमाचल प्रदेश में बिताए अपने तीन वर्ष के कार्यकाल को यादगार बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों के सक्रिय सहयोग से उन्हें विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कार्य करने का अवसर मिला। शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश को एक सुंदर पर्वतीय राज्य बताते हुए कहा कि यहां के लोग मेहनती और ईमानदार हैं। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज लोक भवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें तेलंगाना राज्य का राज्यपाल नियुक्त होने पर बधाई दी। पठानिया ने कहा कि शिव प्रताप शुक्ल का हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में बेहतरीन व सफल कार्यकाल रहा है और इस दौरान प्रदेश को इनका उत्कृष्ट मार्गदर्शन मिला।

**महिला दिवस कार्यक्रम**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल आठ मार्च को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू नाहन में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

इधर शिमला में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय और प्रदेश सरकार के खेल व युवा सेवा विभाग के सहयोग से महिलाओं के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मेरा युवा भारत शिमला के सहायक निदेशक विजय कुमार ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं व युवतियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाना, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना और खेलों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ये दौड़ तीन श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। वहीं हर वर्ष की भांति अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आकाशवाणी शिमला के समाचार एकांश में आज केवल महिला कर्मचारियों प्रभा शर्मा, नुसरत अंजुम, स्वाति अग्निहोत्री, रजनी, बीना और सुनैना द्वारा ही समाचार संकलन, सम्पादन व प्रस्तुतिकरण का कार्य किया गया। सहायक निदेशक समाचार रितेश कपूर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य हर क्षेत्र में महिला कर्मचारियों के योगदान को बढ़ावा देना है।

हिम बस कार्ड

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बसों में 50 प्रतिशत रियायती सफर के लिए हिम बस कार्ड अनिर्वाय किए जाने का जनवादी महिला समिति ने विरोध किया है। जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान के नेतृत्व में समिति की सदस्यों ने आज शिमला में हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंधन निदेशक कार्यालय का घेराव किया और महिलाओं के लिए बसों में पहले की तरह 50 प्रतिशत रियायत जारी रखने की मांग की।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज निर्वाचन नियमों में संशोधन को दी मंजूरी–अब दो बार आरंक्षण के बाद रोस्टर में होगा बदलाव।
- प्रदेश मंत्रिमंडल ने चंडीगढ़ से शिमला के बीच सप्ताह में हैलीटैक्सी की 12 उड़ानें संचालित करने का लिया निर्णय।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को स्वस्थ भारत की दिशा में बताया महत्वपूर्ण पहल।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के सम्मान में लोक भवन में विदाई समारोह आयोजित– राज्यपाल ने हिमाचल में बिताए अपने कार्यकाल को यादगार बताया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल–नाहन में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम–शिमला में महिलाओं के लिए किया जाएगा दौड़ का आयोजन।